भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न संख्या : 379
दिनांक 18 जुलाई , 2019 / 27 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

दरभंगा और मुजफ्फरपुर विमानपत्तन

* 379. **श्री गोपाल जी ठाकुर:**
श्री सुनील कुमार पिंटू:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दरभंगा विमानपत्तन के निर्माण कार्य की प्रगति का ब्यौरा क्या है और पूर्व की निर्धारित समय-सीमा के अंदर विमान-सेवाओं के प्रचालन नहीं होने के क्या कारण हैं;

(ख) दरभंगा विमानपत्तन से उड़ान कब तक शुरू किए जाने की संभावना है और सरकार द्वारा की गई पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मुजफ्फरपुर से नागरिक उड़ान सेवा आरम्भ करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विमान सेवाओं का प्रचालन कब से शुरू होने की संभावना है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) से (घ) : विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

*****

"दरभंगा और मुजफ्फरपुर विमानपत्तन" के संबंध में दिनांक 18.07.2019 के लोक सभा मौखिक (*) प्रश्न संख्या 379 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): दरभंगा हवाईअड्डा भारतीय वायु सेना (आईएएफ) से सम्बद्ध है तथा रक्षा मंत्रालय द्वारा संयुक्त उपयोग के लिए हवाईअड्डे पर सिविल एनक्लेव का विकास करने के लिए अनुमोदन दिया गया है। निर्माण के क्रियाकलाप प्रारम्भ करने के लिए आधारशिला समारोह का आयोजन, दिनांक 24.12.2018 को किया गया था। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा अंतरिम टर्मिनल भवन (आईटीबी) के निर्माण तथा नागर उड़ानों के प्रचालन के लिए रनवे के सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रारम्भ किया गया है। भारतीय वायु सेना द्वारा हवाईअड्डे का प्रचालन शुरू किए जाने में विलंब, कार्य की अनुमति देरी से प्रदान किए जाने, रनवे का कार्य करने वाली एजेंसी द्वारा खराब कार्य निष्पादन किए जाने इत्यादि जैसे अनेक कारणों से हुआ है।

(ख): यह हवाईअड्डा क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना (आरसीएस) – उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) में शामिल है तथा इस योजना के अंतर्गत आयोजित की गई बोली के दूसरे दौर में मैसर्स स्पाइसजेट को दरभंगा से बंगलुरू, दिल्ली एवं मुम्बई के मार्ग आवंटित किए गए हैं। हवाईअड्डे से दिसम्बर, 2019 में उड़ान प्रचालन प्रारम्भ किए जाने की संभावना है।

(ग) तथा (घ): मुजफ्फरपुर हवाईअड्डा, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का एक गैर-प्रचालनात्मक हवाईअड्डा है। यह हवाईअड्डा क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना (आरसीएस) के अंतर्गत असेवित हवाईअड्डों की सूची में शामिल है। तथापि, किसी भी एयरलाइन प्रचालक द्वारा मुजफ्फरपुर से प्रचालन प्रारम्भ किए जाने के लिए कोई बोली प्रस्तुत नहीं की गई है।

*****